# राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

*मूल्यांकन में उत्कृष्टता*

**(उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)**

**(An autonomous organization under the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Government of India)**

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) – अप्रैल 2019

## सार्वजनिक सूचना

### दिनांकः 8 फरवरी 2019

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीद्वारा 8 जनवरी से 12 जनवरी 2019 के दौरान पहली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) आयोजित की गई थी और इस परीक्षा के पेपर–1 का परीक्षा परिणाम 19 जनवरी 2019 को तथा पेपर-2 का परीक्षा परिणाम 31 जनवरी 2019 को घोषित किया गया था। अब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा 7 अप्रैल से 20 अप्रैल 2019 के मध्य आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) की घोषणा की जा रही है।इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन एनआईटी (NITs), आईआईआईटी (IIITs) और अन्य केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) के स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए किया जा रहा है।

वे अभ्यर्थी जो जनवरी में आयोजित की गई जेईई (मुख्य) परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं, यदि चाहें तो, अप्रैल 2019 में आयोजित होने वाली परीक्षा में अंक सुधार के लिए सम्मिलित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो अभ्यर्थी जनवरी 2019 की परीक्षा में किसी कारणवश सम्मिलित नहीं हो सके, वे भी अप्रैल 2019 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। योग्यता सूची (Merit List)/रैंकिंग तैयार करने के लिए अभ्यर्थी के दोनों परीक्षाओं में से उच्चतम NTA स्कोर को माना जाएगा।

परीक्षा का विवरण निम्नानुसार हैः–

| पेपर | विषय | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की समयावधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
| पेपर-1 (B.E./B.Tech.के लिए) | गणित, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान | ''केवल कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)'' | प्रातः 09.30 बजे से अपराह्न12.30 तक | अपराह्न 02.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक |
| पेपर-2 (B. Arch/ B.Planningके लिए)) | गणित भाग– I<br>अभिक्षमता परीक्षा– भाग II | ''केवल कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)'' | दो या अधिक पालियों में आयोजित की जा सकती है। | |
| | आरेख परीक्षा–भाग III | कागज एवं कलम आधारित (ऑफलाइन) ढंग से ली जाएगी जिसके लिए ड्राइंग शीट का प्रयोग किया जाएगा। | | |

एक अभ्यर्थी पेपर–1 या/और पेपर–2 में, उसके द्वारा लिए जाने वाले पाठ्यक्रम के अनुसार, सम्मिलित हो सकता है।सभी अभ्यर्थी जो आईआईटी (IITs) के 2019 के स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE (Main)-2019 के पेपर–1(B.E. /B. Tech.) में सम्मिलित होना होगा।जेईई (मुख्य) के पेपर–1 (B. E. /B. Tech.) के प्रदर्शन के आधार पर, जेईई (एडवांस) की आवश्यकता के अनुसार, शीर्ष अभ्यर्थी जेईई (एडवांस)–2019 में (सभी श्रेणियों के अनुसार) सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाईट **www.nta.ac.in** और **www.jeemain.nic.in** वेबसाईट पर उपलब्ध जेईई (मुख्य)–अप्रैल 2019 के सूचना बुलेटिन को देख सकते हैं।

जेईई (मुख्य) – अप्रैल 2019 की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 08 फरवरी से 07 मार्च 2019 के मध्य केवल ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 08 मार्च 2019 तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

**जेईई (मुख्य) एकक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी**

# NATIONAL TESTING AGENCY

Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Government of India)

# JOINT ENTRANCE EXAMINATION (MAIN) – April 2019

## PUBLIC NOTICE

**Date: 8th February 2019**

The National Testing Agency (NTA) has conducted the First JEE (Main) Examination during January 8 to 12, 2019 and the result of the same has been declared on January 19th, 2019 (for Paper-1) and January 31st, 2019 (for Paper–2).

Now, the NTA announces to conduct JEE (Main) April 2019 Examination for admission to Undergraduate Programs in NITs, IIITs and other Centrally Funded Technical Institutions (CFTIs), etc. between **7th April 2019 to 20th April 2019.**

Those Candidates who have already appeared in JEE (Main) January 2019 Examination can appear in JEE (Main) April 2019 Examination for improvement, if they so wish. The candidates who could not appear in the JEE (Main) January 2019Examination, may also appear in JEE (Main) April 2019 Examination. The Student's best of the two NTA scores will be considered for preparation of Merit List/Ranking.

The test details are given below:

| PAPER | SUBJECTS | Mode of Examination | Timing of Examination | |
|---|---|---|---|---|
| | | | First Shift | Second Shift |
| Paper-1 (For B.E./B.Tech.) | Mathematics,Physics & Chemistry | "Computer Based Test (CBT)" mode only | 09.30 a.m. to 12.30 p.m. | 02.30 p.m. to 05.30 p.m. |
| Paper-2 (For B. Arch/ B.Planning) | Mathematics – Part I<br>Aptitude Test – Part II | "Computer Based Test (CBT)" mode only | Can be held in two or more shifts | |
| | Drawing Test – Part III | "Pen & Paper Based" (offline) mode to be attempted on Drawing sheet | | |

A candidate may appear in Paper 1 and/or Paper 2 depending upon the course/s he/she wishes to pursue.
All the candidates aspiring to take admission to the undergraduate programs at IITs for the year 2019 will have to appear in the Paper-1 (B. E. /B. Tech.) of JEE (Main)-2019. Based on the performance in Paper-1 (B. E. /B. Tech.) of JEE (Main)-2019, number of top candidates as per the requirement of JEE (Advanced) (including all categories) will be eligible to appear in JEE (Advanced)-2019.

Candidates who desire to appear in the test may see the detailed **Information Bulletin** for **JEE (Main)-April 2019** available on the website **www.nta.ac.in**and **www.jeemain.nic.in** .

In order to appear in JEE (Main) April 2019 Examination the candidates are required to apply only online between **8th February 2019to 07thMarch2019**. The fees can be paid online up to **08th March 2019.**

**JEE (MAIN) Unit, NTA**